# नामांकन के दूसरे दिन ऊना जिला में जिला परिषद वार्डों के लिए 14 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

**ऊना, 8 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )**

पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य चुनाव-2026 के तहत शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन ऊना जिला के विभिन्न जिला परिषद वार्डों से कुल 14 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ( उपायुक्त ) जतिन लाल ने दी।

उन्होंने बताया कि उपमंडल हरोली के अंतर्गत जिला परिषद वार्डों से 4 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर 14 पंजावर से अनु बाला धर्मपत्नी सुरेश कुमार, इंदु बाला धर्मपत्नी लेखराज तथा वार्ड नंबर 13 हरोली से नरेंद्र सिंह सुपुत्र धनी राम और जसपाल सुपुत्र सुख दयाल शामिल हैं।

उपमंडल ऊना के तहत 3 प्रत्याशियों ने जिला परिषद सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर 8 चताड़ा से अनु ठाकुर धर्मपत्नी मनोज कुमार, वार्ड नंबर 10 रायपुर सहोड़ा से बिंदु शर्मा धर्मपत्नी राजन कुमार तथा वार्ड नंबर 7 टक्का से सुमित कुमार शर्मा सुपुत्र हरीश कुमार शर्मा शामिल हैं।



इसी प्रकार उपमंडल अंब में 2 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर 1 मुबारिकपुर से पवनजीत सिंह सुपुत्र बलवंत सिंह तथा वार्ड नंबर 2 कुठेड़ा खैरला से अरुण लता धर्मपत्नी संजीव कुमार शामिल हैं।

उपमंडल बंगाणा में 4 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें वार्ड नंबर 5 लठियाणी से सीमा कुमारी धर्मपत्नी राजेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 4 सोहारी से योगराज सुपुत्र धर्मचंद तथा वार्ड नंबर 6 धनेत से वीना देवी धर्मपत्नी रोशन लाल और चंचल बाला धर्मपत्नी सुभाष चंद शामिल हैं।


इसके अतिरिक्त उपमंडल गगरेट से वार्ड नंबर 16 चलेट से रजनी देवी धर्मपत्नी सुशील कुमार ने जिला परिषद सदस्य पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र 11 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को प्रातः 10 बजे से होगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# कम शुल्क, बेहतर सुविधाएं... युवाओं के लिए किफायती खेल केंद्र साबित हो रहा ऊना का इंडोर स्टेडियम

**ऊना, 8 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )**

आधुनिक खेल सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध होने से ऊना का इंडोर स्टेडियम जिले के युवाओं के लिए किफायती और सुविधाजनक विकल्प साबित हो रहा है। बैडमिंटन कोर्ट और जिम जैसी सुविधाएं यहां कम शुल्क पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे खिलाड़ी, विद्यार्थी और फिटनेस के प्रति जागरूक युवा बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।



जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग के अधिकारी प्रिंस पठानिया ने बताया कि इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट सुविधा के लिए बच्चों से 300 रुपये और अन्य वर्गों से 600 रुपये मासिक शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, जिम सुविधा के लिए बच्चों से 500 रुपये तथा अन्य वर्गों से 1000 रुपये मासिक शुल्क लिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र में इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए बैडमिंटन कोर्ट पर सामान्यतः 1000 से 2000 रुपये और जिम सुविधा के लिए 1500 से 3000 रुपये तक मासिक शुल्क लिया जाता है। ऐसे में इंडोर स्टेडियम युवाओं को कम खर्च में आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। श्री पठानिया ने कहा कि उपायुक्त जतिन लाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन का फोकस खेल सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाने और युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने पर है। इस संबंध में उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास युवाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर, सुलभ और किफायती खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने का है, ताकि अधिक से अधिक युवा खेल गतिविधियों और फिटनेस से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से जिले में खेल अधोसंरचना को निरंतर मजबूत किया जा रहा है।

# नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन ऊना जिला में कुल 1,963 प्रत्याशियों ने भरे परचे

**ऊना, 8 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )**

पंचायती राज संस्थानों के सामान्य चुनाव-2026 के तहत ऊना जिला में नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 1,963 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें 14 जिला परिषद, 184 पंचायत समिति, 521 प्रधान, 382 उप प्रधान और 862 वार्ड सदस्य पद के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र भरे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ( पंचायत ) एवं उपायुक्त जतिन लाल ने दी।

उन्होंने बताया कि उपमंडल ऊना के अंतर्गत 487 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र विभिन्न पदों के लिए दायरे किए हैं। इनमें 3 उम्मीदवारों ने जिला परिषद, 35 उम्मीदवारों ने पंचायत समिति, 247 उम्मीदवारों ने प्रधान पद, 113 उम्मीदवारों ने उप प्रधान और 89 उम्मीदवारों ने वार्ड पंच के नामांकन भरे हैं।

इसी तरह गगरेट में 354 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं जिनमें 1 प्रत्याशी जिला परिषद, 51 प्रत्याशी पंचायत समिति, 66 प्रत्याशी प्रधान पद, 49 प्रत्याशी उप प्रधान पद और 187 प्रत्याशी वार्ड सदस्य के हैं।

उपमंडल अंब में कुल 394 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इनमें 2 जिला परिषद, 42 पंचायत समिति, 71 प्रधान पद के लिए, 71 उप प्रधान पद और 208 वार्ड सदस्य उम्मीदवार शामिल हैं।

वहीं, उपमंडल हरोली में 363 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं जिनमें 4 जिला परिषद, 29 पंचायत समिति सदस्य, 78 प्रधान, 67 उप प्रधान और 185 वार्ड सदस्य प्रत्याशी शामिल हैं।

इसके अलावा उपमंडल बंगाणा में कुल 365 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं। इनमें 4 जिला परिषद, 27 पंचायत समिति, 59 प्रधान पद, 82 उप प्रधान पद और 193 वार्ड सदस्य उम्मीदवार शामिल हैं। जतिन लाल ने बताया कि इसके उपरांत अब नामांकन पत्र 11 मई को भी प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संबंधित अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को प्रातः 10 बजे से होगी, जबकि 14 एवं 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# शहीद उधम सिंह भवन में शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**पैग़ाम-ऐ-जगत**
**चंडीगढ़, ( हरमिंदर नागपाल )**

शहीद उधम सिंह मेमोरियल भवन सोसाइटी ( पंजीकृत ) द्वारा सेक्टर 44-सी में शहीदों को समर्पित एक भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुखमनी साहिब के पाठ से हुआ, जिसके बाद रागी जत्थों ने कीर्तन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलाकार श्री जोगा सिंह ने देशभक्ति के गीतों के जरिए शहीदों को नमन किया।



समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय टंडन, बीबी लखविंदर कौर गरचा, एस.के. वर्मा और मोहाली के डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों नेता शिरकत की। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने भी उपस्थित होकर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। चंडीगढ़ के सीनियर डिप्टी मेयर जसमनप्रीत सिंह ने विदेश में होने के कारण अपना संदेश भेजकर शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट किया। सोसाइटी की चेयरपर्सन श्रीमती सलिंदर कौर चंदी की देखरेख में आए हुए मेहमानों का स्वागत किया गया। खराब मौसम के बावजूद भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए और विभिन्न वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद किया। इस अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले सभी शहीदों के दिवस भविष्य में भी इसी तरह मनाए जाएंगे। मंच का संचालन राम सिंह बलौंगी ( महासचिव ) द्वारा किया गया।

## पेज एक का शेष

**'देशभक्ति के सर्टिफिकेट...**

उन्होंने अपनी मशहूर 'किकली' के जरिए बादल परिवार पर तंज कसा और कांग्रेस की भी आलोचना की। यह यात्रा 'जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार ( संशोधन ) अधिनियम' के पारित होने का जश्न मनाने के लिए निकाली जा रही है।

कल अमृतसर में अमृतपाल सिंह की माँ द्वारा मुख्यमंत्री के काफिले को रोकने की कोशिश के बाद, आज बठिंडा में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान बरनाला में पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया। मान आज तख्त श्री दमदमा साहिब में मत्था टेकेंगे और यह यात्रा कल फतेहगढ़ साहिब में समाप्त होगी।

**गौरव धीर के...**

भी ईडी को सौंप देंगे।

अरोड़ा ने कहा कि वह अच्छी तरह जानते हैं कि इस तरह की राजनीति कहाँ से आती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वह हमेशा से गौरव धीर के दोस्त रहे हैं और भविष्य में भी दोस्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हल्की राजनीति कर रही है और चुनावों से पहले केंद्रीय और संघीय एजेंसियों की गतिविधियाँ बढ़ जाती हैं। अरोड़ा ने कहा कि सुरेश कुमार बजाज, जिनके घर पर कल ईडी ने छापा मारा था, उन्होंने भाजपा को चंदा दिया था, लेकिन भाजपा का नाम उनसे नहीं जोड़ा गया।

**जीएसटी घोटाला : करोड़ों...**

लगभग 5.79 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फ़र्ज़ी आईटीसी बनाया गया था। इन डेबिट नोटों में बड़ी अनियमितताएँ थीं, जिनमें टैक्सेबल मूल्य और टैक्स की राशि को बराबर दिखाया गया था। जीएसटी क़ानून के तहत ऐसा होना संभव नहीं है, और यह साफ़ तौर पर फ़र्ज़ी आईटीसी का मामला है। यह फ़र्ज़ी आईटीसी बनाने के लिए रिकॉर्ड में की गई खुली हेराफेरी को साबित करता है।' इसके अलावा, पीजीएसटी/सीजीएसटी एक्ट की धारा 67 के तहत चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान, टैक्सपेयर के परिसर से अलग-अलग ट्रांसपोर्टरों की खाली 'गुड्स रिसीट बुक' बरामद की गई। ये बुक इस बात की ओर इशारा करती हैं कि माल की आवाजाही का झूठा रिकॉर्ड बनाने के लिए ट्रांसपोर्ट से जुड़े दस्तावेज़ों में हेराफेरी की गई थी। चीमा ने यह भी कहा, 'जांच के दौरान जुटाए गए ठोस सबूतों को देखते हुए, आरोपी को आज, 8 मई 2026 को, पंजाब गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स एक्ट, 2017 की धारा 69 और 132(1)(ь) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। चूंकि टैक्स चोरी की रकम 5 करोड़ रुपये से कहीं ज्यादा है, इसलिए यह अपराध गंभीर और गैर-जमानती है। इस अपराध के लिए कारावास की सजा हो सकती है, जो पाँच साल तक बढ़ाई जा सकती है, साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। मैं राज्य के टैक्स विभाग की इस प्रतिबद्धता को जोर देकर दोहराता हूँ कि धोखाधड़ी के खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।'

**सुवेंदु अधिकारी होंगे...**

फैसले के बारे में राज्यपाल को औपचारिक रूप से सूचित करेगा ताकि सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू की जा सके। सुवेंदु अधिकारी ने 2021 के चुनावों से पहले तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे और बंगाल की राजनीति में पार्टी का सबसे प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्हें मुख्यमंत्री बनाना, राज्य में संगठनात्मक और विधायी नेतृत्व को और मजबूत करने के लिए पार्टी की एक रणनीतिक चाल मानी जा रही है।

**एपस्टीन फाइल में...**

चुनाव बीजेपी ने चोरी किया। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, असम में इन्होंने चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना लिया। लाखों नाम काट देते हैं, नए नाम जोड़ देते हैं। आयोग इनके कंट्रोल में है, ये सोचते हैं कि हम सब कर लेंगे। हरियाणा में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का मुद्दा है। युवाओं को डिग्री मिल जाती है, लेकिन रोजगार नहीं मिलता है। छोटी इंडस्ट्री बंद हो रही हैं।

उन्होंने आखिर में कहा- मैंने यूएस डील पर लोकसभा में भाषण दिया, अमित शाह ने चार घंटे मुझे बोलने नहीं दिया। मोदी लोकसभा से भाग गए, वह आंख से आंख नहीं मिला सके। अडाणी इनकी पूरी मार्केटिंग करता है। इनके पास ईडी है, सीबीआई है, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट है। आप लिखकर ले लो, कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी को हराएगी, फिर देखना हम नरेंद्र मोदी के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं।

# फेज-5 मार्केट के व्यापारियों और दुकानदारों के साथ जिला ट्रेडर्स कमीशन की बैठक

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 8 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )**

जिला ट्रेडर्स कमीशन द्वारा फेज-5 मार्केट के व्यापारियों और दुकानदारों की समस्याओं और मुद्दों को जानने के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन रणजीत पाल सिंह ने कहा कि दुकानदारों और व्यापारियों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों का समाधान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन बैठकों का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर व्यापारियों को आ रही समस्याओं का समाधान कर व्यापार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान पार्किंग लाइनों, पीने के पानी, सीवरेज तथा मौजूदा ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने से संबंधित समस्याओं को विभिन्न विभागों द्वारा नोट किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों को लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर तथा निर्धारित समय सीमा में निपटारा करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान उपस्थित दुकानदारों और व्यापारियों द्वारा 21 फीडबैक फॉर्म जमा करवाए गए, जिनमें लगभग 40 शिकायतें दर्ज की गईं। उन्होंने कहा कि पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन द्वारा फीडबैक प्रणाली इसलिए शुरू की गई है ताकि व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुना और हल किया जा सके। बैठक में जिला योजना समिति की चेयरपर्सन प्रभजोत कौर, चेयरमैन मार्किट कमेटी गोविंदर मित्तल, जिला ट्रेडर्स कमीशन के वाइस चेयरमैन तरलोचन सिंह बैदवान, हलका चेयरमैन अकविंदर सिंह गोसल, चेयरमैन मार्किट कमेटी गोविंदर मित्तल, सहायक कमिश्नर एम.सी. मोहाली मनप्रीत सिंह, जी.एस.टी. इंस्पेक्टर गुरशेर सिंह तथा मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित अन्य अधिकारी और नेता उपस्थित थे।

# नवगठित बनूड़ सब-डिवीजन की पहली एसडीएम के रूप में डॉ. अंकिता कांसल ने संभाला कार्यभार

**बनूड़/एस.ए.एस. नगर 8 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )**

2024 बैच की पी सी एस अधिकारी डॉ. अंकिता कांसल ने आज नवगठित बनूड़ सब-डिवीजन की पहली सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वह इसके साथ-साथ जिला प्रशासनिक परिसर, एस.ए.एस. नगर में सहायक आयुक्त ( जनरल ) के रूप में भी अपनी सेवाएं जारी रखेंगी।

पंजाब सिविल सेवा में शामिल होने से पहले डॉ. कांसल ने वर्ष 2012 से आबकारी एवं कराधान विभाग में सेवाएं दीं और बाद में सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त के पद पर पदोन्नत हुईं। उन्होंने वर्ष 2009 में सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. अंकिता कांसल ने कहा कि बनूड़ की पहली एस डी एम बनना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विकास और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।



राजपुरा की विधायक श्रीमती नीना मित्तल, जिन्होंने बनूड़ को सब-तहसील से सब-डिवीजन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने डॉ. कांसल को नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी। विधायक ने आशा व्यक्त की कि युवा अधिकारी पूरी लगन और ईमानदारी के साथ जनहित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगी। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल, ने डॉ. अंकिता कांसल को नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई देते हुए कहा कि बनूड़ सब-डिवीजन के गठन से प्रशासनिक पहुंच और अधिक मजबूत होगी तथा क्षेत्र के लोगों को नागरिक सेवाएं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध करवाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. कांसल जनहित के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगी।

# निकाय चुनावों के लिए ईवीएम पर कल होगा मॉक पोल, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का आग्रह

**ऊना, 8 मई ( पैग़ाम-ऐ-जगत )**

शहरी निकाय चुनाव-2026 के तहत जिले में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों (ईवीएम) तथा वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) प्रक्रिया शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेन्द्र पाल गुर्जर ने दी।



उन्होंने बताया कि एफएलसी प्रक्रिया के उपरांत अब शनिवार, 9 मई को राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुल मशीनों में से 10 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉक पोल करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मॉक पोल प्रक्रिया सुबह 7 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय ऊना की चौथी मंजिल स्थित बैठक कक्ष में आयोजित होगी। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों व सचिवों से आग्रह किया है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को निर्धारित समय पर भेजकर मॉक पोल प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करें।

# महान कवि पद्मश्री सुरजीत पातर जी के जीवन और साहित्यिक यात्रा को समर्पित विचार-चर्चा और कवि दरबार

**कपूरथला ( पैग़ाम-ए-जगत ) जसप्रीत सिंह 'धिंजन'**

जिला भाषा कार्यालय कपूरथला और किताब मंच कपूरथला (रजि.) के आपसी सहयोग से महान कवि पद्मश्री सुरजीत पातर जी की स्मृति को समर्पित उनके जीवन, साहित्यिक उपलब्धियों और साहित्यकारों के निजी अनुभवों के बारे में एक विचार-चर्चा 11 मई 2026 को दोपहर 3 बजे जिला भाषा अधिकारी कार्यालय, कपूरथला में आयोजित की जा रही है। किताब मंच कपूरथला के अध्यक्ष डॉ. हरभजन सिंह और महासचिव मैडम स्वराज कौर ने जानकारी देते हुए कहा कि पातर साहब की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें समर्पित यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष समागम में क्षेत्र के कवि पातर साहब को अपनी रचनाएँ समर्पित करेंगे। जिला भाषा अधिकारी कपूरथला श्रीमती जसप्रीत कौर ने जानकारी देते हुए कहा कि किताब मंच कपूरथला का यह सराहनीय प्रयास है कि वे इस कार्यक्रम के माध्यम से पंजाब के नामी शायर को याद कर श्रद्धांजलि भेंट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भाषा विभाग पंजाब द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जहाँ से पाठक अपनी रुचि और पसंद के अनुसार पुस्तकें खरीद सकते हैं।



# ख्वाजा मंदिर के पास सड़क हादसा, मोटरसाइकिल चालके गंभीर रूप से घायल

**पैग़ाम-ऐ-जगत/संतोषगढ़/ऊना 8 मई ( राजवीर चोपड़ा )**

संतोखगढ़ में ख्वाजा मंदिर के समीप एक मोटरसाइकिल चालक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति टाहलीवाल से संतोखगढ़ की ओर आ रहा था। इसी दौरान अचानक उसका मोटरसाइकिल से संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया।



घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत पुलिस प्रशासन और 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और 108 स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि घायल व्यक्ति प्रवासी मजदूर है। वहीं, मोटरसाइकिल के आगे और पीछे किसी भी प्रकार की नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी, जिसके चलते वाहन की पहचान करने में भी कठिनाई आ रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# ऊना में कांग्रेस को बड़ा झटका, जिला कांग्रेस प्रवक्ता व ओ.बी.सी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जरनैल सिंह भाजपा में शामिल

**पैग़ाम-ऐ-जगत**
**संतोषगढ़/ऊना, 8 मई ( राजवीर चोपड़ा )**

जिला ऊना की राजनीति में उस समय हलचल मच गई, जब कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता व ऊना ब्लॉक ओ.बी.सी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष एवं गांव सनोली के प्रसिद्ध समाजसेवी जरनैल सिंह ने अपने पूरे परिवार और समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। यह कार्यक्रम लोकप्रिय विधायक सतपाल सिंह सत्ती की मौजूदगी में संपन्न हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और पार्टी में शामिल होने पर खुशी जताई।



जरनैल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वे कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों और चुनावों के दौरान किए गए वादों के पूरा न होने से निराश होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार और पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

उन्होंने कहा कि विधायक सतपाल सिंह सत्ती ऊना की जनता के सच्चे हितैषी हैं और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में सतपाल सत्ती के मार्गदर्शन में ऊना विधानसभा क्षेत्र और अधिक विकास करेगा।

इस मौके पर जरनैल सिंह अपने परिवार सहित माता संतोष कौर, पत्नी ललिता, भाई रविंदर सिंह बिट्टू, सरदार गुरमेल सिंह भट्ठल और अनेक समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। वहीं, हाल ही में हिमाचल पुलिस से ए.एस.आई पद से सेवानिवृत्त हुए सरजीवन सिंह ने भी विधिवत रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में सनोली की पूर्व प्रधान जसवीर कौर, मजारा के पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह लक्की, पूर्व उप प्रधान सतवीर सिंह, मलूकपुर के पूर्व प्रधान मनजिंदर सिंह, उप प्रधान तरसेम सिंह, रिटायर्ड डी.एस.पी करनैल सिंह रक्कड़, बलीराम रोहल, भाजपा जिला परिषद प्रत्याशी बिंदु शर्मा, राजेश कौशल, महेश शर्मा मंगू, धनी राम कैंथ, सुरिंदर कैंथ, दिलबाग सिंह, बचित्र दुड़का सहित कई गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति से क्षेत्र में भाजपा को और मजबूती मिलने की बात कही जा रही है।

